तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 28 जून 2026



14 मानसून की बेरूखी ने किसानों की बढ़ाई ...



14 बिजली की आंख-मिचौली से नर्रा क्षेत्र के ग्रामीणों...





## खबर संक्षेप

### हेयर कट देखकर हंसने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम फुलवारी में तालाब गहरीकरण कार्य के दौरान हेयर कट को देखकर हंसने पर मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम फुलवारी के पंकज लोधी ने बताया कि 26 जून को गांव के फूलवारी काठा तालाब में वीबी-जी-राम जी (मनरेगा) के काम में तालाब गहरीकरण कार्य पर सुबह 6 बजे गांव के दिनेश लोधी, बरसाती विश्वकर्मा, पिंटू लोधी, चंदन साहू, रमेश यादव एवं गांव के अन्य 150 लोग भी जा रहे थे। काम करने के बाद उपस्थिति के लिये फोटो खिंचवाने के दौरान वे सभी काठा तालाब के पार में बैठे थे, जहां रमेश यादव भी बैठा था। सुबह करीबन 07.30 बजे रमेश यादव के हेयर कट को देखकर उसे हंसी आ गई। इसी बात पर रमेश यादव ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए टंगिया के बेट से सिर में मार दिया। जिससे सिर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पुरानी बात को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम लिमगांव में पुरानी बात को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्ध सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को लिमगांव के मनोहर कोड़ाकू ने बताया कि 25 जून की शाम 05:30 बजे व अपने खेत गया था, तभी चैन कुमार कोड़ाकू पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। जिसे उसने कुछ नहीं बोला और उसके बाद अपने घर वापस आ रहा था, शाम करीब 6 बजे रतिलाल कोड़ाकू के घर के पास चैन कुमार कोड़ाकू फिर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। इसी दौरान आरोपी का पिता रामलाल कोड़ाकू भी आया और दोनों ने गाली गलौज करते एवं जान से मारने की धमकी देते पुरानी विवाद को लेकर मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला के साथ मारपीट आरोपी के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** बसना के जगदीशपुर में एक महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध बसना थाना में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया रिपोर्ट लिखाई है कि 26 जून की रात को वह घर में थी, तभी करीबन 09.30 बजे गांव का नरोत्तम रौतिया उसके घर अंदर घुस गया। जब उसने उससे पूछा कि मेरे घर क्यों आए हो, तब आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए गलत काम करने की नीयत से हाथ बांह को पकड़कर मारपीट करते हुए उसके कपड़े को फाड़ दिया। जब वह भाग कर पड़ोसी के घर गई तब आरोपी ने वहां भी आकर मारपीट किया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 331(2), 351(2), 74 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# स्थानीय मजदूरों को निकालकर रखा बाहरी, पिकाडिली कंपनी के बाहर प्रदर्शन

### किसान कांग्रेस ने दी आर-पार की लड़ाई की चेतावनी, प्रबंधन का रवैय्या अड़ियल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय मजदूरों को निकाले जाने और बाहरी लोगों से काम लेने के खिलाफ स्थानीय मजदूरों ने जिले के अछोली ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित शराब निर्माता कंपनी पिकाडली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कंपनी के गेट के सामने मजदूर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कंपनी प्रबंधन के शुक्ला द्वारा मजदूरों से चर्चा के दौरान कथित तौर पर कहा गया कि यह सरकार की शराब बनाने वाली कंपनी है, कंपनी जिसे चाहेगी काम पर रखेगी और जिसे नहीं चाहेगी उसे काम पर नहीं रखा जाएगा। साथ ही स्थानीय लोगों को काम देना अनिवार्य नहीं होने की बात कही गई। कंपनी द्वारा उत्तर प्रदेश और बिहार से मजदूरों को बुलाकर काम दिया जा रहा है, जबकि स्थानीय ग्रामीण रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस जमीन और क्षेत्र में उद्योग स्थापित हैं, वहां के लोगों को रोजगार में प्राथमिकता मिलना चाहिए।



#### स्थानीय लोगों की आजीविका का सवाल: मानिक



जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मानिक ने कहा कि रोजगार केवल नौकरी नहीं बल्कि स्थानीय परिवारों की आजीविका का सवाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय मजदूरों की अनदेखी कर बाहरी लोगों को रोजगार देना क्षेत्र के युवाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी है कि स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग को लेकर किसान कांग्रेस अब सड़क से लेकर प्रशासन तक लड़ाई लड़ेगी और आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

#### और तेज होगी आंदोलन की गति

मजदूरों का कहना है कि वे अपने अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कंपनी प्रबंधन पर स्थानीय मजदूरों ने रोजगार के अधिकार की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि स्थानीय मजदूरों और कामगारों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए अन्यथा आंदोलन की गति और तेज होगी।

### शिक्षा: प्रवेश नहीं लेने वाले विद्यार्थियों की सीटें रिक्त मानी जाएगी

# कॉलेजों में शुरु हुई प्रवेश प्रक्रिया, सूची में शामिलों को लेना होगा 10 तक प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के महाविद्यालयों में प्रवेश पाने वाले छात्रों की प्रक्रिया शुरु हो गई है। प्रथम चरण की मेरिट सूची जारी होने के बाद अब सूची में चयनित विद्यार्थियों को 10 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। निर्धारित अवधि में प्रवेश नहीं लेने वाले विद्यार्थियों की सीटें रिक्त मान ली जाएंगी और उन्हें अगले चरण के अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।



प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 31 जुलाई तक खुला रहेगा। ऐसे विद्यार्थी जो अभी तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे भी निर्धारित अवधि में आवेदन कर सकेंगे। स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरी तरह मेरिट के आधार पर होगा। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जुलाई से शुरू होगी। इसकी मेरिट सूची 11 जुलाई को जारी की जाएगी तथा 11 से 16 जुलाई तक प्रवेश लिए जाएंगे। इसके बाद भी सीटें खाली रहने पर तृतीय चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। तीसरी मेरिट सूची 17 जुलाई को जारी होगी और 17 से 24 जुलाई तक चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

#### हेल्प डेस्क करेंगे मार्गदर्शन

प्रवेश, विषय चयन, दस्तावेज सत्यापन और मेरिट सूची से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज पहुंचेंगे। इसे देखते हुए अधिकांश महाविद्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जहां विद्यार्थियों को आवेदन से लेकर प्रवेश तक की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिले के शासकीय महाविद्यालयों में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा वल्लभाचार्य शासकीय महाविद्यालय में देखने को मिलती है।

#### कॉलेजों की वेबसाइट पर भी देख सकेंगे चयन सूची

मेरिट सूची जारी होने के बाद विद्यार्थियों को कॉलेजों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। संबंधित महाविद्यालय अपनी वेबसाइट पर भी चयन सूची अपलोड करेंगे, जिससे विद्यार्थी घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से अपना नाम देख सकेंगे। सूची विषयवार और वर्गवार जारी की जाएगी। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे नियमित रूप से कॉलेज की वेबसाइट और सूचना पट्ट का अवलोकन करते रहें।

#### सीटें खाली रहीं तो मिलेगा ओपन प्रवेश

विश्वविद्यालय की तीन चरणों वाली प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी यदि किसी पाठ्यक्रम में सीटें रिक्त रह जाती हैं तो 25 जुलाई से ओपन प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस व्यवस्था के तहत रिक्त सीटों पर सभी वर्गों के पात्र विद्यार्थियों को आवेदन का अवसर मिलेगा। चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

# राशन दुकान में मारपीट, दो पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम भंवरचुवा के राशन दुकान में शक्कर वितरण को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में बसना थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी व ग्राम पंचायत सरपंच राजेश पटेल ने बताया कि उसका भाई खमेश कुमार पटेल ग्राम भंवरचुंवा में उचित मूल्य की दुकान रखा है, जिसमें 26 जून को करीबन 6 बजे के आसपास शक्कर वितरण का कार्य कर रहा था। उसी दौरान गांव के पिलादाउ यादव हेमंत यादव दोनों शक्कर लेने के लिए दुकान में गये थे। दुकान में काफी भीड होने से सभी लोग कतार मे खड़े थे, उसी समय पिलादाउ ने खमेश पटेल से कहा कि हमें शक्कर दो, हम लाइन बनाकर खड़े नहीं होंगे। तब खमेश के द्वारा थोड़ी देर रूकने कहा, जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी और गाली देते हुए उचित मूल्य की दुकान से चले गए। जब उसने (प्रार्थी) ने आरोपियों को गाली देने से मना किया तब आरोपियों तेरे भाई को सेल्समैन से निकाल दूंगा, कहकर गालियां देने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296,351 (2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

वहीं दूसरे पक्ष के पीलादाऊ यादव ने पुलिस को बताया कि 26 जून को वह राशन दुकान अपने पुत्र हेमंत यादव के साथ शक्कर लेने के लिए गया था। जहां उसने खमेश पटेल को बोला कि हर माह के 25 तारीख से शक्कर देते हो तो बहुत भीड़ हो जाती है, जिस पर खमेश ने अपनी मर्जी से दूंगा क्या कर लोगे कहने लगा। वहां से वे दोनों निकल गये और गांव बस्ती में बोले कि हम फूड इंस्पेक्टर को शिकायत करेंगे। रात्रि मे भोजन करने के बाद में जब वह तभी मेरे घर के सामने मे पहले से



सुशील पटेल, राजेश पटेल, टिकेश पटेल, खमेश पटेल और प्रदीप पटेल खडे थे तो मुझे देखकर सुशील पटेल सहित सभी ने एक राय होकर ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। बीचबचाव करने आए उसके भाई आरती राम यादव एवं पुत्र हेमंत यादव के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा-296, 115(2), 351(2), 190 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# भीमसेनी एकादशी मेले में युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डीहीटेमरी में आयोजित भीमसेनी एकादशी मेले के दौरान एक 17 वर्षीय किशोर पर अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए ओडिशा के नुआपाड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के ग्राम परसाभदर निवासी रिखीराम राउत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका 17 वर्षीय पुत्र आकाश यादव 25 जून की शाम अपने दोस्तों विष्णु केंवट, उमेंद्र साहू, परमेश्वर यादव, मोरध्वज राउत और देवराज साहू के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम डीहीटेमरी में आयोजित भीमसेनी एकादशी मेला देखने आया था। रात करीब एक बजे आकाश के दोस्त विष्णु केंवट ने फोन कर सूचना दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आकाश के पेट में चाकू मार दिया है। सूचना मिलते ही रिखीराम राउत मौके पर पहुंचे, जहां उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। चाकू लगने से उसके पेट से आंत बाहर निकल आई थी। इसके बाद परिजन और दोस्तों ने तत्काल उसे वाहन से नुआपाड़ा के सरकारी अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर कोमाखान पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस हमलावर की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# शराब का अवैध परिवहन, महिला को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूटी से शराब का अवैध परिवहन कर रही एक महिला के विरूद्ध बसना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि लाल रंग की स्कूटी में एक महिला अवैध रूप से महुआ शराब परिवहन कर रही है। इसके बाद पुलिस ने परसकोल चौक ग्राम बंसुला स्कूटी में सवार महिला को रोककर पूछताछ की। जिस पर महिला ने अपना नाम संतोषी ठाकुर पति अशोक ठाकुर वार्ड नं 11 बसना बताया।

पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से करीबन 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला होने तथा घटना का समय रात्रि होने से तत्काल गिरफ्तार नही किया गया। ऐसे में धारा 35(3) बीएनएसएस का नोटिस देकर थाना उपस्थित होने कहा गया।

# ओडिशा प्रिंट वाले उर्वरक की 11 बोरी जब्त, कृषि विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने एवं समय पर वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक विक्रय केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार एवं कृषि उपसंचालक एफआर कश्यप के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के एसडीओ गणेश्वरी बंजारे एवं उर्वरक निरीक्षक जितेंद्र चंद्राकर द्वारा बागबाहरा विकासखंड के ग्राम घोयनाबाहरा स्थित वैष्णवी एग्रो इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में ओडिशा प्रिंट वाली पीआरओएम उर्वरक की 11 बोरियां, लगभग 550 किलोग्राम पाई गईं, जिन्हें विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया है। उक्त बोरियों पर सालेपाली, पाइकमाल, जिला बरगढ़ (ओडिशा) अंकित पाया गया। कृषि उपसंचालक एफआर कश्यप ने बताया कि जिले के किसानों को सही गुणवत्ता का उर्वरक मिले, इसके लिए विभाग द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि उर्वरक विक्रय में अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पिता-पुत्र और भाई के साथ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** जेसीबी से खेत की मरम्मत करवा रहे पिता-पुत्र और भाई के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में ग्राम मिलाराबाद के चार लोगों के विरूद्घ बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अंतर्यामी प्रधान पिता गोवर्धन प्रधान (68 साल) ग्राम मिलाराबाद की एकल स्वामित्व व आधिपत्य में खसरा नं 232/2 रकबा 0.05 हेक्टेयर स्थित है। उक्त भूमि को वह अपने पुत्र लक्ष्मीनारायण एवं भाई धनपति सहित नौकर चाकर के साथ 26 जून की सुबह 8.30 बजे मरम्मत का कार्य कर रहे था। मरम्मत कार्य हेतु जेसीबी मशीन भी लाया गया था। उसी समय गांव के देवानंद पिता धोबा (50 वर्ष), बिहारी पिता घोबा (65 वर्ष), डोलामणि पिता बिहारी (35 वर्ष) और सुनील पिता देवानंद (30 वर्ष) बेवजह प्रार्थी, उसके पुत्र और भाई धनपति के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351 (3), 3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जिलेभर में 1262 बूथों पर 1.15 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दो बूंद

# जिले में बच्चों को आज पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी 28 जून से आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं मॉनिटरिंग में रविवार से अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला जुटा हुआ है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। सभी अभिभावक अपने बच्चों को 28 जून को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं और पोलियो की दो बूंद जरूर पिलाएं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविंद गुप्ता ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 1 लाख 15 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 1262 पोलियो बूथ बनाए गए हैं।



अभियान के सफल संचालन के लिए 1301 टीमें गठित की गई हैं, जिनमें 2844 टीम सदस्य कार्य करेंगे। अभियान की निगरानी के लिए 381 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं तथा दूरस्थ एवं विशेष क्षेत्रों के लिए 29 मोबाइल टीमों की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि 28 जून (रविवार) को सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी। इसके पश्चात 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पहले दिन छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। ताकि, जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाकर उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखें।

# महिलाओं के साथ मारपीट

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया रूपा ध्रुव ने बताया कि 26 जून की रात 08.30 बजे घर के बाहर से गाली गलौज की आवाज आई, तब वह और उसकी जेठानी रेखा बाई बाहर निकलकर देखा तो मोहल्ले का मोनू साहू देवर लक्ष्मीनारायण ध्रुव के साथ गाली गलौज कर विवाद कर रहा था। जिसे वे लोग समझाते हुए लक्ष्मीनारायण को घर के अंदर लेकर आ रहे थे, तभी मोनू साहू ने जेठानी रेखा ध्रुव को तुम लोग कौन होते हो मुझे मना करने वाले कहते गाल में झापड़ मार दिया। कुछ देर बाद आरोपी मोनू अपने घर से लोहे का पाइप लेकर आया और गाली गलौज कर घर के गेट को मारने लगा, जिसे देखकर प्रार्थी और जेठानी रेखा ध्रुव, गैंदी ध्रुव एवं मेरा देवर लक्ष्मीनाराण सभी गेट के पास गये, तब आरोपी मोनू साहू ने तुम लोगों को आज जान से मार दूंगा कहते हुए अपने हाथ में रखे लोहे के पाइप से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे सिर एवं दोनों हाथों में चोट लगी है तथा वहीं जेठानी रेखा ध्रुव के बाएं हाथ में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### चोरी का सामान खरीदने के आरोप में तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** उरला पुलिस ने चोरी तथा चोरी के सामान खरीदने के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ई-रिक्शा की 10 हजार रुपए कीमत की दो बैटरियां जब्त की हैं। राजू सोनी की शिकायत पर पुलिस ने राय सिंह उर्फ प्रकाश, दीपक उर्फ दीपू दास तथा किशुन उर्फ किशन को गिरफ्तार किया है। राजू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि बुधवार को वह अपनी ई-रिक्शा भनपुरी, टिंबर मार्केट के पास रात में पार्क किया था। दूसरे दिन ई-रिक्शा में लगी दोनों बैटरी चोरी हो गई थी।

### आपसी रंजिश पर चाकू से हमला, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आपसी रंजिश के कारण युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में डीडीनगर पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। भावेश जगत की शिकायत पर पुलिस ने सावन उर्फ मुन्ना यादव तथा राज उर्फ अमन यादव को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि बुधवार को वह अपने छोटे भाई के साथ दोपहिया में पेट्रोल डलवाने गया था। उसका छोटा भाई पेट्रोल पंप में दोपहिया में पेट्रोल भरवा रहा था और वो पंप के बाहर खड़ा था। इस दौरान सावन और उसका साथी मौके पर पहुंचे और आपसी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गए।

**जायजा:** किसानों से चर्चा कर की दी योजनाओं की जानकारी

# सोसाइटियों में चंद्रहास ने ली खाद और बीज उपलब्धता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने महासमुंद के प्राथमिक कृषि साख समिति झालखम्हरिया, कोसरंगी एवं खट्टी में खाद, बीज लेने आए किसानों से चर्चा किए। समिति प्रबंधक से जानकारी ली कि कि खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा है कि नहीं। शासन के योजना अनुरूप किसानों वितरण हो रहा है कि नहीं। प्रबंधकों ने कहा कि खाद बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। चंद्राकर ने किसानों से चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन के दौरान कृषि विभाग और सहकारी समितियों द्वारा



पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद (यूरिया, डीएपी, एनपीके, पोटाश) उपलब्ध कराई जा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आपूर्ति प्रभावित होने के कारण, सरकार डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी और एनपीके के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड (सीजीबीकेवीएन) किसानों को उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज और अनुदान (सब्सिडी) पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराती है। निगम 'चैम्स' प्रणाली और 'बीज ग्राम योजना' के तहत किसानों की आय बढ़ाने और खेती के मशीनीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य करता है। उन्नत एवं प्रमाणित बीजों का वितरणउद्देश्यः खरीफ और रबी सीजन में किसानों को अधिक उपज देने वाले प्रमाणित बीज (धान, दलहन, तिलहन, आदि) उपलब्ध कराना। प्रमाणित बीजों के उपयोग से फसल की पैदावार में 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत की वृद्धि होती है। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रेम चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, कोसरंगी के सरपंच सुरेश साहू, द्वारिका साहू, सोमनाथ साहू, धनेश्वर, रेवा निषाद, मोती साहू, किरण निषाद उपस्थित रहे।

# स्वच्छाग्रही समूहों की दीदियां घर-घर पहुंचकर कर रहीं सूखे और गीले कचरे का संग्रहण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार द्वारा इसकी सतत समीक्षा की जा रही है तथा ग्राम पंचायतों को स्वच्छता गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया (पो) में स्वच्छाग्रही समूहों की दीदियों द्वारा घर-घर जाकर सूखे एवं गीले कचरे का संग्रहण किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत की स्वच्छता दीदियां सुबह से ही गार्बेज रिक्शा के माध्यम से स्वच्छता संदेश एवं गीतों के साथ ग्रामीणों के घरों तक पहुंच रही हैं और नियमित रूप से कचरा संग्रहण कर ग्रामीणों को अपने गांव को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। संग्रहित कचरे को एसएलडब्ल्यूएम शेड (ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र) में लाकर पृथक्करण किया जा रहा है। यहां सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग किया जा रहा है। वहीं प्लास्टिक कचरे को पृथक कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट गनेकेरा भेजने की तैयारी की जा रही है। ग्राम पंचायत बिछिया (पो) में इस कार्य को सफल बनाने में सरपंच रीना गड़तिया, सचिव मेघनाथ पटेल एवं जनपद सदस्य राजेश गड़तिया द्वारा स्वच्छाग्रही समूहों की दीदियों को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।



### बागबाहरा में नवनिर्वाचित एल्डरमैनों का किया गया स्वागत

**बागबाहरा।** नगर के नवनिर्वाचित एल्डरमैन दुर्गा वस्त्रकर, सोहन साहू, मोती पुजारी, दुलारी चंद्राकर एवं सुकेश महंती का पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बागबाहरा में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू एवं भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव ने नवनिर्वाचित एल्डरमैनों का अभिनंदन करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए हर्ष जताया और विश्वास व्यक्त किया कि वे नगर के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा शहर मंडल महामंत्री अतुल गंडेचा, पार्षद प्रेम साहू सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। स्वागत समारोह संगठन की एकजुटता, आपसी समन्वय एवं जनसेवा के प्रति भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

# सोरिद स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय माध्यमिक विद्यालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोरिद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कक्षा छठवीं से दसवीं तक नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और चॉकलेट खिलाकर स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच जानकी बाई ध्रुव, विशिष्ट



अतिथि शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, रामधन सबर एवं शिक्षाविद प्रहलाद ध्रुव, भोले गंधर्व उपस्थित थे। अतिथिय उद्बोधन में सरपंच जानकी ध्रुव ने बच्चों को नियमित शाला आने एवं शिक्षा का अलग जगाने प्रेरित किया। प्रहलाद ध्रुव ने बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण कर गांव समाज एवं देश में अपना नाम रोशन करने कहा। शिक्षा ही जीवन की रीढ़ है। अध्यक्षता शाला प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक सोहनलाल साहू एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता रामकुमार जांगड़े ने किया।

इस अवसर पर संकुल समन्वय शेख रशीद कुरैशी, पालकगणों में गणेश यादव, दिव्या ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव, सुखदेव नेताम, श्याम भाई यादव व शिक्षकगणों में पूजा श्रीवास्तव, नेहा संगतानी, मंजू दीवान, मनीषा नंदेश्वर, सीएच एल्विना, तारकेश्वरी मणिपुरी, शांतनु वर्मा आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी वरिष्ठ शिक्षक सोहन साहू ने दी है।

# भाजपा शहर मंडल के बूथ अध्यक्षों को दिया गया डिजिटल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा बूथ अध्यक्षों के लिए डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य संगठन के डिजिटल कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना तथा बूथ स्तर तक डिजिटल माध्यमों के उपयोग को सशक्त करना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने बूथ अध्यक्षों को संगठन की मजबूती एवं डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने सभी



कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर संगठनात्मक कार्यों को गति देने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री मीना वर्मा एवं आईटी सेल जिला प्रभारी नरेश नायक ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग तथा संगठन के विभिन्न डिजिटल अभियानों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस दौरान प्रमुख रूप पार्षद शुभ्रा शर्मा, कल्पना सूर्यवंशी, मधु यादव, हनीश बग्गा, शक्ति केंद्र प्रभारी प्रकाश शर्मा, हिमांशु चंद्राकर, नईम खान, पांडूरंग मदनकर, आनंद गिरी, दुर्गा सर्वा, आकाश पांडे, खुशाल ठाकुर, जतिन रूपरेला, सोनाधर सोनवानी, पुष्पांजलि सिंह, गोपी कनौजे, अमित साहू, प्रहलाद यादव, खिलावन यादव, सुरेंद्र दास, मानस साहू, किशन बारिया, ललित मांझी, सारिका यादव, रेखा बेहरा, निशा नायक आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा से ही होता है जीवन उज्ज्वलः सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

संकुल केंद्र पिरदा ए में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन सेजेस पिरदा में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सीमा नायक उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य विमला बेहरा, जप सदस्य प्रतिनिधि शिव अत्रि, पिरदा भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, पूर्व जिला सदस्य त्रिलोचन नायक, विद्यालय प्रभारी एमके बरिहा, समन्वयक संघ के अध्यक्ष शिशुपाल प्रधान एवं स्थानीय समन्वयक किशोर पटेल, सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु प्रधान, उपसरपंच मनोज पटेल सहित प्रधानपाठक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीमा नायक ने बच्चों को उत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही जीवन उज्ज्वल होता है और सही दिशा



में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर विमला बेहरा ने कहा कि बच्चे कोरे कागज की तरह से होते हैं, इसलिए शिक्षक उन्हें अपने आकार में लाने का काम करते हैं। वर्तमान समय में शिक्षक अधिक निष्ठा से बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में हरप्रसाद पटेल ने कहा कि स्कूलों में अनुशासन का पालन जरूरी है। विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। वरिष्ठ शिक्षक लोरीश गुरुजी ने संचालन करते हुए बताया कि नयी शिक्षा नीति के तहत छत्तीसगढ़ में नवीन पाठ्यक्रम बनाया गया है और नयी पाठ्य-पुस्तकों में आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखाई देती है। इसके पहले पीटीआई खीरसागर कैवर्त्य के मार्गदर्शन में सभी अतिथियों का पटाखों से तथा हर्षनाद करके स्वागत किया गया। पश्चात सजनी एवं साथियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संकुल समन्वयक किशोर पटेल ने स्वागत भाषण दिया।

इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं की मोनिका, मालिनी एवं उनके साथियों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री सुभाष बंजारा, महिला मोर्चा की सरिता प्रधान, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सुरेश नायक, बसंत साहू, तोषकुमार, वरिष्ठ प्रधान पाठक अरूण प्रधान, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, सरोज पटेल सहित विभिन्न विद्यालय के प्रभारी शिक्षक और पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेजेस इंग्लिश मीडियम के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अंजलि पांडेय, अंकिता लकड़ा, पी राहुल का विशेष योगदान रहा।

# मार्च अंत तक लेनी होगी बोर्ड सहित सभी कक्षाओं की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सभी जिला शिक्षा अधिकारी और शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक अब एक अप्रैल से सत्र प्रारंभ करने की तैयारी करेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया है। नवीन सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ होने की स्थिति में मार्च अंत तक सभी परीक्षाएं संपन्न करानी होगी। इन परीक्षाओं के आयोजन के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों

- लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए दिशा-निर्देश
- जुलाई अंत तक जिला शिक्षा अधिकारियों को बतानी होगी कार्ययोजना



से इस दिशा में जुलाई अंत तक रोडमैप तैयार करना होगा। सूत्रों के अनुसार, विभिन्न जिलों से प्राप्त रोडमैप के आधार पर प्रदेशस्तरीय योजनाएं तैयार की जाएंगी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं मार्च माह में आयोजित की जाती है। इनकी समाप्ति के बाद स्कूल होम बोर्ड की परीक्षाएं लेते हैं। अब विद्यालयों को बोर्ड कक्षाओं के साथ ही होम बोर्ड की परीक्षाएं लेनी होंगी अथवा इसके पूर्व आयोजन करना होगा। परीक्षा तिथि संबंधित अन्य विकल्पों पर विचार करने के बाद कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### समीक्षा बैठक में निर्णय

गौरतलब है कि बीते दिनों शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की थी। बैठक में अगले वर्ष से नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से करने निर्णय लिया गया था। अब इसे लागू करने रोड मैप बनाया जा रहा है। स्कूलों में न्यूनतम 220 दिनों की कक्षाएं संचालित किए जाने का नियम है। छुट्टियों की अधिकता के कारण सामान्यतः 190-195 दिन ही कक्षाएं संचालित हो पाती हैं। छुट्टियां कम करने निजी स्कूलों द्वारा कई बार मांग भी की जा चुकी है। अप्रैल माह से कक्षाओं के संचालन की स्थिति में निर्धारित दिनों तक कक्षाएं संचालित की जा सकेंगी।

# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी रहीं। उन्होंने कक्षा नवमी की छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार है तथा शासन की योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे



को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है।

कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने बच्चों को शिक्षा, संस्कार और भारतीय संस्कृति के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार रही है। इस परंपरा के मूल्यों को पुनर्जीवित कर बच्चों में संस्कार, अनुशासन और नैतिकता का विकास करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, जनपद उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बिपीन उपोवेजा, मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, महामंत्री प्रकाश पटेल एवं विदित धनानिया, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पलता चौहान, जिला महामंत्री महिला मोर्चा तारेश्वरी नायक, जनपद सदस्य उद्धव नंद, उषा पटेल, दीनता कुम्हार, वर्षा साहू, रोहित साहू, महेंद्र राजपूत, सौम्य रंजन कानूनगो, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीकमचंद पटेल, विकासखंड स्रोत समन्वयक देवानंद नायक सहित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत किया गया और उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षा के माध्यम से बेहतर भविष्य निर्माण का संदेश दिया गया।

# लघुशंका करने रुके युवक के साथ लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेशे से पेंटर ने टेमरी के कच्चे रास्ते में दो एक्टिवा सवार लड़कों के खिलाफ कान से सोने की बाली, मोबाइल तथा बाइक लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 21 जून को तड़के चार बजे की है। जिस युवक के साथ लूट हुई है, वह लघुशंका करने के लिए रुका था। इस दौरान बदमाशों ने उसके साथ लूट की। घटना के पांच दिन बाद युवक शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंचा।

टेमरी निवासी पिलेश्वर साहू ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक के एक दिन पूर्व वो रायपुर में पेंटिंग करने के लिए आया था। रात को अपने घर लौट रहा था। इस दौरान टेमरी में यादव होटल के पास कच्चे रास्ते में वो अपनी बाइक रोक कर लघुशंका करने लगा। इस दौरान एक्टिवा सवार दो लड़के उसके करीब पहुंचे और उसके कान से सात हजार रुपए कीमत की सोने की बाली, जेब से मोबाइल के साथ दोपहिया लूट कर मौके से फरार हो गए।

### महतारी वंदन योजना का पोर्टल केवल बस्तर में खोलना प्रदेश की महिलाओं के साथ अन्यायः डॉ. रश्मि

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने महतारी



वंदन योजना के पोर्टल को केवल बस्तर संभाग तक सीमित रखने के निर्णय पर सवाल उठाते हुए कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार स्पष्ट करे कि आखिर पूरे छत्तीसगढ़ की पात्र महिलाओं के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। यदि सरकार वास्तव में महिलाओं के हितों के प्रति संवेदनशील है, तो महतारी वंदन योजना का पोर्टल केवल बस्तर में ही क्यों खोला जा रहा है? क्या बाकी जिलों की महिलाएं इस योजना की पात्र नहीं हैं, या फिर सरकार उन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक मान रही है? उन्होंने ने कहा कि प्रदेश के अनेक जिलों में हजारों ऐसी महिलाएं हैं, जो विभिन्न कारणों से अब तक महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं ले सकी हैं। कई महिलाओं के आवेदन छूट गए, तो कई के दस्तावेजों में त्रुटियां होने के कारण वे योजना से वंचित रह गईं। ऐसी स्थिति में सरकार का दायित्व था कि पूरे प्रदेश में एक समान अवसर उपलब्ध कराया जाए, ताकि सभी पात्र महिलाएं योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है। उन्होंने चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की सभी पात्र महिला को बिना किसी भेदभाव के महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन की प्रक्रिया सभी जिलों में एक साथ संचालित हो और किसी भी महिला को केवल उसके निवास स्थान के आधार पर योजना से वंचित न रखा जाए।



### आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

**सरायपाली।** आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल रोहिना में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके नवप्रवेशी बच्चे के साथ-साथ सभी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया गया। साथ ही गिफ्ट देकर स्कूल में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आनंद गोयल रहे। अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य जानकी आदित्य ने की। विशिष्ट अतिथि आरएन आदित्य अधिवक्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रियदीप ने किया। इस अवसर पर सुदोष सागर, श्रद्धा स्वाई, भारती चौहान, संतोषी सिदार, नवीन चौहान, नम्रता भोई, नम्रता साहू, सीता साहू, खुलेश्वरी साहू, प्रियंका साहू, हीरा बरिहा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बेमचा में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में 27 जून को बड़े हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया। साथ ही पुस्तक व गणवेश वितरण किया। प्रवेश उत्सव में मुख्य रूप से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष लखनू राम निर्मलकर ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को नियमित रूप से शाला आने प्रेरित किया। शाला त्यागी बच्चों को भी पुनः स्कूल में लाने एवं प्रत्येक माह शाला विकास समिति की बैठक आयोजित करने की बात कहीं। कार्यक्रम में प्राचार्य एसएल पाटकर, व्याख्यातागण पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, प्रधान पाठक शाहजान बानो खान, शिक्षकगण खेमराज साहू, गुहन लाल साहू, तृप्ति डेनियल, संकुल समन्वयक टाकेश्वर प्रसाद साहू, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, जुगनी गुंबर, पूर्णिमा सिन्हा, हेमिन जलक्षत्री, शशिलता वर्मा आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी डॉ सेवन दास मानिकपुरी ने दी है।

### नपा में एल्डरमैन नियुक्त हुए मोहन



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता मोहन साहू को नगर पालिका में एल्डरमैन नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। लंबे समय से संगठन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने वाले मोहन साहू को यह दायित्व मिलने को उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान का सम्मान माना जा रहा है। मोहन ने वरिष्ठ नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

# नवागांव में गूंजा गायत्री मंत्र, दो दिवसीय पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटेवा के समीप ग्राम पंचायत नवागांव में गायत्री परिवार के तत्वावधान में दो दिवसीय विराट पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। ग्रामीण गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य नारायण साहू एवं उनके सहयोगियों के नेतृत्व में हुए इस अनुष्ठान में क्षेत्र के सैकड़ों गायत्री परिजन और ग्रामीण शामिल हुए।

आयोजन नवागांव के ग्राम चौक स्थित खुले प्रांगण को मंचासीन कर कार्यक्रम को कराया गया। गायत्री परिवार नवागांव के मुख्य संयोजक समस्त ग्रामीण एवं नारायण साहू, रहे। मार्गदर्शन महासमुंद क्षेत्र से पधारे परिव्राजक और जिला प्रमुखों द्वारा कराया गया। पहला दिवस कलश यात्रा शाम पांच बजे 51 कलश महिलाओं-कन्याओं ने सिर पर कलश रखकर गांव भ्रमण किया। गायत्री माता की जय के उद्घोष से गांव गुंजायमान हुआ। ध्वजारोहण व देवपूजन शाम को कलश यात्रा उपरांत की गई। यज्ञशाला में गायत्री माता, युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के चित्र का पूजन कर ध्वजारोहण हुआ।

पंच कुंडीय यज्ञ प्रारंभ कर पांच कुंडों पर 31 जोड़ों ने एक साथ गायत्री मंत्र से आहुतियां दीं। वातावरण 'ॐ भूर्भुवः स्वः' से गूंज उठा। दूसरे दिवस में संस्कार परंपरा 20 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार हुआ। पंडितों ने तख्ती पर 'ॐ' लिखवाकर बच्चों



की शिक्षा की शुरुआत कराई। साथ ही15 शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार विधि-विधान से हुआ। गीत-संगीत भजन कीर्तन सुबह से शाम तक चलता रहा। दोपहर में पंडित ने 'व्यक्ति निर्माण से युग निर्माण' विषय पर प्रेरक उद्बोधन किये एवं संस्कार गीत, भजन प्रस्तुत किए। नशामुक्ति संकल्प लिया गया। यज्ञ संपन्नता उपरांत पूर्णाहुति व भंडारा आयोजित की गई। श्रद्धालुओं ने प्रसाद-भंडारा ग्रहण किया।

### अनेक संस्कार के महत्व बताए गए

अनुष्ठान में विशेषकर पंचकुंडीय यज्ञ के रूप में पांच तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश के प्रतीक पांच कुंड। पर्यावरण शुद्धि और सामूहिक संस्कार का संदेश का केंद्र रहा। संस्कार शाला के रूप में विद्यारंभ, अन्नप्राशन के साथ अन्य संस्कारों का महत्व बताया गया। संतों ने प्रवचन में बेटी-बचाओ, जल-संरक्षण, जैविक खेती और परिवार में प्रेम-सद्भाव पर जोर दिया गया। गायत्री परिवार के मोहन निर्मलकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि युग ऋषि के विचारों को घर-घर पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। यज्ञ केवल कर्मकांड नहीं, जीवन जीने की पद्धति है। आज बच्चों में संस्कार बीज बोया गया है। गंगाराम सिन्हा ने कहा नवागांव के परिजनों ने जो श्रद्धा दिखाई, वह अनुकरणीय है। पंचकुंडीय यज्ञ से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। ग्रामीणों की सहभागिता में सरपंच सहित बलदाऊ चंद्राकर, उदय राम पटेल, पवन सिन्हा, नवागांव के अलावा पटेवा, सिनोधा, चिरको, रामसागर, सलिहा से भी गायत्री परिजन पहुंचे। महिला मंडल, युवा प्रकोष्ठ और प्रज्ञा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भोजन की पूरी व्यवस्था संभाली। गांव के हर घर से एक व्यक्ति ने यज्ञ में आहुति दी।

## सफाई : शहर के नकाईन तालाब में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

# जलस्त्रोतों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद जरूरी : नपाध्यक्ष खिलेश्वरी

### शहर के जनप्रतिनिधियों, नपा कर्मचारियों, वार्डवासियों और लोगों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



शहर के वार्ड क्रमांक 13 में नकाईन तालाब में शानिवार को जल संवर्धन अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका कर्मचारियों, वार्डवासियों और सहित लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर श्रमदान किया। यह अभियान नगर परिषद की ओर से आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य तालाब से जलकुंभी, कचरा और गंदगी हटाना है।

इस अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, सीएमओ सहित अन्य नगर पालिका कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर तालाब के किनारों और घाटों की सफाई की। इस दौरान स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया गया। यह सफाई अभियान 'जल संवर्धन अभियान' का हिस्सा है, इस अभियान का उद्देश्य तालाबों की साफ-सफाई कर जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस अभियान में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। लोगों ने श्रमदान कर तालाब को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया और जल संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल से प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण और शहर में जल स्तर सुधारने की उम्मीद है।

सीएमओ गिरीश चंद्रा ने बताया कि जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संवर्धन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। गिरते भू-जल स्तर और बढ़ते जल संकट को देखते हुए पारंपरिक जल संरचनाओं का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अमृत सरोवर जैसे जलस्त्रोतों को स्वच्छ और सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और जलस्त्रोतों की नियमित देखरेख करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद रमेश ठाकुर, प्रेम साहू, थानू पांडे, पोखराज साहू, लोकेश उइके, नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने की तालाबों की सफाई अभियान में जनभागीदारी की अपील

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि नगर परिषद की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान का लक्ष्य केवल तालाबों की सफाई करना नहीं है, बल्कि स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक करना भी है। यह पहल लोगों में स्वच्छता और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने का प्रयास है। श्रीमती बघेल ने आगे कहा कि मानसून से पहले तालाबों और नालों की सफाई अत्यंत आवश्यक है, जिससे जलभराव की स्थिति से बचा जा सकता है और जलस्रोत स्वच्छ बने रहते हैं। उन्होंने आमजन से भी स्वच्छता बनाए रखने और जल संरक्षण में सहयोग की अपील की। बघेल आगे ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद जरूरी है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ शहर और स्वच्छ जलस्रोत ही स्वस्थ समाज एवं सुरक्षित पर्यावरण की आधारशिला हैं। नगर पालिका परिषद ने भविष्य में भी ऐसे स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान लगातार चलाने की बात कही है।

## आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव तिलक लगाकर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद भाऊराम साहू रहे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्कूल के अध्यापन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां स्मार्ट क्लास, लैब और खेल की बेहतरीन सुविधाएं हैं। पालकों से आग्रह है कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। नगर पालिका स्कूल के विकास में हर संभव मदद करेगी। नपाध्यक्ष ने बच्चों को पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश का वितरण करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए और अपने माता पिता व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए।

मुख्य अतिथि भाऊराम साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, बच्चे देश का भविष्य हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार स्वामी आत्मानंद स्कूलों के माध्यम से गरीब से गरीब बच्चे को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुफ्त में दे रही है। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें भेंट कर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में युवा भाजपा नेता एवं शाला विकास समिति के सदस्य हर्ष भाऊराम साहू, पार्षद ज्योति रिंकू चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रीति सोनी, प्राचार्य डॉ. संध्या चंद्राकर, वरिष्ठ व्याख्याता हेमंत डडसेना, प्रधान पाठक भगोली राम साहू, जगन्नाथ साहू, मनोज साहू, कमलेश चंद्राकर, भारती सोनी, इंदु देवांगन सहित शाला परिवार शिक्षकगण, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। अतिथियों ने बच्चों का गुलाल-टीका लगाकर, मुंह मीठा कराकर शाला में आत्मीय स्वागत किया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह देखते ही बन रहा था।

# केंद्रीय विद्यालय में पहली कक्षा के छात्रों को विद्याप्रवेश मॉड्यूल पुस्तिका का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा पहली के विद्यार्थियों को पीएमश्री स्कूल योजना के अंतर्गत विद्या प्रवेश मॉड्यूल पुस्तिका का वितरण विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय कंसल ने विद्यार्थियों



को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्याप्रवेश तीन माह का विद्यालय तैयारी कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के वातावरण से सहज रूप से जोड़ना तथा उन्हें खेल-आधारित गतिविधियों, कहानी, गीत, कला, भाषा एवं प्रारंभिक गणित के माध्यम से सीखने के लिए तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि इस मॉड्यूल के प्रभावी क्रियान्वयन से विद्यार्थियों में सीखने के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं सामाजिक कौशल का विकास होगा तथा वे कक्षा पहली की नियमित शिक्षा के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे। उन्होंने विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों से इस कार्यक्रम के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। विद्याप्रवेश मॉड्यूल के माध्यम से बच्चों में भाषा एवं साक्षरता, प्रारंभिक गणितीय समझ, सामाजिक-भावनात्मक विकास, स्वच्छता एवं जीवन कौशल जैसी आधारभूत क्षमताओं का विकास किया जाता है। यह कार्यक्रम बच्चों को आनंददायक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण के माध्यम से सीखने का सकारात्मक अनुभव प्रदान करता है।

### अभिभावकों ने की सराहना

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने विद्याप्रवेश मॉड्यूल पुस्तिका की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रभावी बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तिका बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालयी शिक्षा की मजबूत नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कांता एक्का, शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, प्रभात देवांगन, नेहा तोमर एवं मोनिका सहित अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आप की बैठक में संगठन विस्तार पर बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आम आदमी पार्टी का 1 जुलाई से पूरे प्रदेश के 90 विधानसभा में महासदस्यता अभियान की शुरुआत हो रही है, जिसके लिए जिले के चारों विधानसभाओ में छत्तीसगढ़ प्रभारी मुकेश अहलावत द्वारा चार विधानसभा प्रभारी क्रमशः महासमुंद-संजय यादव, खल्लारी-शकील खान, बसना-खिरोद पटेल, सरायपाली-आशिक हुसैन की नियुक्ति की गई है। प्रदेश सयुक्त सचिव एवं महासमुंद विधानसभा प्रभारी संजय यादव ने कहा कि पार्टी की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही है। ब्लाक अध्यक्ष तुलुराम ध्रुव ने कहा कि संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रियता और निष्ठा पर निर्भर करती है। जिला महासचिव मधु यादव ने पार्टी की विचारधारा को घर घर पहुंचने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी संजय यादव, मधु यादव, तुलुराम ध्रुव, सुमेर सिंह, सुरेश ध्रुव, महावीर ध्रुव, मोतीराम ध्रुव, तामेश्वर कंवर, संजय ध्रुव, शहरू यादव, साद राम निषाद, गोपी पटेल, रामदास निषाद, गोरेलाल, ध्रुव, चंद्र शेखर ध्रुव, कमल नारायण ध्रुव, दशरथ खैरवार, भीखम ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# मिनीगोल्फ नेशनल्स चैंपियनशिप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मिनीगोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में मिनीगोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा दावड़ा यूनिवर्सिटी नया रायपुर में 25 जून से 30 जून तक आयोजित 11वीं मिनीगोल्फ नेशनल्स चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार मिनीगोल्फ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है तथा इससे राज्य में इस खेल को नई पहचान मिलेगी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दावड़ा यूनिवर्सिटी के सीईओ चिन्मय दावड़ा ने कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय आयोजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं तथा खेल संस्कृति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि मिनीगोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधाकर कोहले ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि प्रवीण मानवटकर, सूरज ज्योतिकर, राजेश सेंडेकर, सुरेंद्र चौहान, राम धर्माधिकारी ने भी अपनी उपस्थिति दी। आयोजन महासचिव सीमा यादव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी व आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत खुटे ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, केरल, दिल्ली, पांडिचेरी, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान तथा मेजबान छत्तीसगढ़ सहित कुल 14 राज्यों के लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी मेघालय में आयोजित होने वाले नेशनल गेम्स तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के पात्र होंगे। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम स्पर्धा, सिंगल, डबल तथा मिक्स डबल स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। आयोजन में अध्यक्ष एसके साहू, आयोजन महासचिव सीमा यादव, सचिव भूपेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष जयेश तिवारी, आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत खुटे, कोषाध्यक्ष वंदना मिंज सहित आयोजन समिति के सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं। आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष एसके साहू ने किया।

# मोदी के मन की बात क्विज में टॉप टेन में अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/ बागबाहरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात जो हर महीने के आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारित होता है। उसके उपरांत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में अलका चंद्राकर ने पूरे भारत में टॉप टेन में स्थान बनाया। प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त नरेंद्र मोदी के बधाई संदेश पत्र प्रेषित कर कहा कि मन की बात कार्यक्रम एवं क्विज दोनों में रुचि देखकर प्रसन्नता हुई।




अलका ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में समाज के सामान्य नागरिकों को जो जमीन स्तर पर बदलाव लाने वाले नायकों, महिला सशक्तिकरण, युवाओं द्वारा किए जा रहे कार्य, कृषि के नए प्रयोग, आजीविका समूह, खिलाड़ियों, पर्यावरण प्रेमी, जल संरक्षण, स्वच्छता, नवीनीकरण, ऊर्जा प्रकृति की रक्षा के लिए काम करने वाले लोग स्टार्टअप स्वदेशी कला शिल्प को बढ़ावा देने वाले खिलाड़ी लोगों को बारे में बताया जाता है। प्रधानमंत्री उनके कार्यों के माध्यम से देश के विकास और सकारात्मक बदलाव को उजागर करते हैं। यह पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक है, जिसका प्रमुख उद्देश्य देशवासियों के प्रेरणादायक प्रयासों को सबके सामने लाना एवं अन्य लोगों को भी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना है। ज्ञात हो कि अलका ने पूर्व में भी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करते हुए नई दिल्ली के ताज होटल में आयोजित उज्ज्वला योजना के बारे में व्याख्यान देने वालों में पूरे भारत से चार डिस्ट्रीब्यूटर में से एक रही है। राज्यपाल से पुरस्कृत हुई हैं। प्रधानमंत्री सेल्फी अभियान में भी पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम रही है। भाजपा के सदस्यता अभियान में 10000 से अधिक सदस्य बनाने के लिए सदस्यता रत्न से भी सम्मानित किया गया है। अभी वर्तमान में स्वतंत्र निदेशक (एमएसटीसी) इस्पात मंत्रालय नई दिल्ली पर मनोनीत है।



# मानसून की बेरूखी ने किसानों की बढ़ाई धड़कनें, जेठ माह बीतने के कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

■ खेती के लिए अब तक नहीं हुई पर्याप्त बारिश

जून का महीना अब ज्येष्ठ माह अपने अंतिम पड़ाव पर है और हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास भी समाप्त होने को है। लेकिन, इसके बावजूद अंचल में अब तक अच्छी मानसूनी बारिश नहीं हुई है। आसमान में काले बादल तो मंडरा रहे हैं, लेकिन बिना बरसे ही आगे निकल जाते हैं। मौसम की इस बेरुखी और बादलों की लुकाछिपी ने क्षेत्र के अन्नदाताओं की धड़कनें बढ़ा दी हैं। खरीफ सीजन की शुरुआत होने के बाद भी खेतों में धूल उड़ रही है, जिससे खेती-किसानी के काम पूरी तरह ठप पड़े हैं।

आमतौर पर जून के मध्य तक क्षेत्र में मानसून सक्रिय हो जाता है। जिसके बाद किसान धान की बोआई और थरहा (नर्सरी) डालने के काम में तेजी से जुट जाया करते थे। परंतु, इस वर्ष पर्याप्त बारिश न होने के कारण अंचल का किसान भारी असमंजस और चिंता में है। जिन किसानों के पास बोरवेल जैसे सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं, वे किसी तरह पानी देकर अपनी नर्सरी बचाने का संघर्ष कर रहे हैं। इन दिनों तेज धूप भीषण गर्मी के कारण लोग हलाकान है। लगातार गिरते जलस्तर और ग्रामीण क्षेत्रों में कम वोल्टेज (लो-वोल्टेज) की समस्या बनी हुई है। वहीं पूरी तरह मानसून पर निर्भर किसान केवल आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।



### फसल चक्र पिछड़ने और लागत बढ़ने का डर

किसानों का कहना है कि यदि अगले दो-चार दिनों के भीतर राहत की बारिश नहीं हुई, तो धान की नर्सरी तैयार करने का सही समय हाथ से निकल जाएगा। देरी से बोआई या रोपाई होने के कारण फसल चक्र पूरी तरह प्रभावित होगा, जिसका सीधा असर धान के उत्पादन और गुणवत्ता पर पड़ेगा। क्षेत्र के कुछ किसानों ने खुर्रा प्रद्धति से धान की बुआई किया है। किंतु, बारिश नहीं होने से छिड़काव किए गए धान बीज तेज धूप उमस भरी गर्मी से कही बीज खराब न हो जाए, इसे लेकर चिंता बढ़ गई है। कही दोबारा बोआई करने की स्थिति में किसानों पर आर्थिक बोझ और कर्ज का संकट गहरा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नवागांव स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया तथा शासन की ओर से निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच पार्वती अशोक पटेल एवं अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद, विशिष्ट अतिथि संकुल समन्वयक राजू देवांगन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पार्वती पटेल ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें लगन एवं मेहनत के साथ अध्ययन करने का संदेश दिया। संस्था के प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक अमर साहू ने किया। कार्यक्रम में संस्था की शिक्षिका किरण दीवान, पालक सदस्य एवं नागरिक उपस्थित थे।

### पीएटी, पीवीपीटी परीक्षा आज, 672 परीक्षार्थी शामिल होंगे

**धमतरी।** व्यापंम व्दारा आज रविवार 28 जून को पीएटी, पीवीपीटी परीक्षा एक पॉली में प्रातः 10 से 1:15 बजे तक होगी। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 339 परीक्षार्थी एवं एनआरएम शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में 329 परीक्षार्थी बैठेंगे। कुल 672 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 7:30 बजे से 9:30 बजे तक प्रवेश दिया जायेगा।

## बड़ी समस्या : बरसात के पूर्व ही विद्युत व्यवस्था चरमराई

# बिजली की आंख-मिचौली से नर्रा क्षेत्र के ग्रामीणों का नींद हराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

■ लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर जनता में भारी आक्रोश

हल्की हवा चली या बिना बरसे बादल छाए बिजली विभाग सबसे पहले सप्लाई बंद कर देता है। कभी घंटों तो कभी पूरी रात लोग अंधेरे और गर्मी में काटने को मजबूर है। कनिष्ठ यंत्री कोमाखान के अंतर्गत नर्रा क्षेत्र में यह हाल है। अभी तो बरसात की ठीक से शुरुआत भी नहीं हुई है, महज प्री-मानसून की दस्तक में यह आलम है। ऐसे में उपभोक्ताओं के मन में यह वाजिब सवाल उठ रहा है कि जब भारी बारिश और तेज अंधड़ आएगा, तब क्या होगा? एक तरफ आसमान से बरसती भीषण गर्मी और उमस, दूसरी तरफ बिजली विभाग की यह आंख-मिचौली से बच्चों से लेकर बुजुर्ग परेशान है। हल्की हवा और बिन बरसे बादलों से गुल हो रही बत्ती भीषण गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली से क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान है।



### शुरुआती दौर में ही चरमराई व्यवस्था जनता में आक्रोश

ग्रामीण अंचलों में रात-रात भर जागने को लोग मजबूर हो रहे हैं। बरसात को लेकर चिंता बढ़ गई है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली विभाग की अघोषित कटौती और आंख-मिचौली ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम में मामूली बदलाव होते ही चाहे वह हल्की हवा हो या बिना बरसे छाने वाले बादल, बिजली गुल होना अब आम बात हो गई है। विभाग की इस लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को कभी घंटों तो कभी रात-रात भर गांव अंधेरे और भीषण गर्मी में काटने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### लोगों की सेहत और बच्चों की पढ़ाई पर असर

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि अभी तो मानसूनी सीजन की ठीक से शुरुआत भी नहीं हुई है, तब बिजली व्यवस्था का यह हाल है। चरमराती विद्युत व्यवस्था को देखकर नागरिकों यह चिंता स्वाभाविक है कि आने वाले दिनों में जब भारी बारिश, तेज अंधड़ होगी तो क्या होगा। बिजली विभाग की तैयारियों को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी और भारी उमस के कारण लोग पहले ही परेशान हैं। ऐसे में बिजली जाने से घरों में लगे कूलर और पंखे शोपीस बनकर रह गए हैं। बिजली की इस लुका-छिपी का सबसे बुरा असर छोटे बच्चों, बीमार बुजुर्गों और छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ सकता है। रातभर बिजली गुल रहने के कारण लोग सुबह पेयजल की समस्या बढ़ जाती है। सुधार की मांग क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और उपभोक्ताओं ने बिजली से की है।

## बोआई के वक्त किसान बेहाल, बारिश की बेरुखी और खाद संकट : मानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खरीफ सीजन की शुरुआत के बीच किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मानसून में देरी, खाद-बीज की कमी और बढ़ती लागत के कारण प्रदेश का किसान कई परेशानियों से जूझ रहा है।

मानिक साहू ने आरोप लगाया कि सरकार के दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर किसानों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि जून माह समाप्ति की ओर है, लेकिन कई क्षेत्रों में पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेतों में नमी की कमी बनी हुई है। इसका असर धान सहित अन्य खरीफ फसलों की बोआई पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के सामने खाद और बीज की उपलब्धता भी बड़ी समस्या बनी हुई है। सहकारी समितियों में यूरिया और डीएपी खाद समय पर नहीं मिलने से किसान परेशान हैं और मजबूरी में बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं नकली और अमानक बीजों की बिक्री पर रोक लगाने की भी मांग की गई है।

मानिक ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जाए। साथ ही नकली खाद-बीज बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और सिंचाई के लिए किसानों को राहत दी जाए। उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में वे मौसम और बढ़ती लागत की दोहरी मार झेल रहे हैं। यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
• मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
• पेशाब की धार कमजोर होना
• पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
• यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
• किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
• किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
• सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740